हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 22 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान

अधिकतम 42 डिग्री

न्यूनतम 26 डिग्री

4 एसजीजीयू ने शिक्षण विभाग के लिए तैयार किए नए 24 विषयों के पाठ्यक्रम



## खबर संक्षेप

### भरतपुर सोनहत में सरोज करेंगी आज जनसंपर्क

**कोरबा।** कोरबा लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी सरोज पाण्डेय अपने चुनावी दौरे के तहत 22 अप्रैल को मनेन्द्रगढ़ जिले में रहेंगी। इस दौरान वे विभिन्न क्षेत्रों में सभा लेकर आम जनता को संबोधित करेंगी। प्रातः 9.15 बजे भरतपुर सोनहत विधानसभा के पहाड़पारा चौक में उनका स्वागत कर रैली निकाली जाएगी। इसके साथ ही 9.30 बजे कटगोड़ी चौक में स्वागत, प्रातः 10.15 बजे कैलाशपुर पहुंचेंगी जहां कार्यकर्ता उनका स्वागत करेंगे। 10.30 बजे वे सोनहत पहुंचेंगी, जहां उनका संगठन के द्वारा स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। 10.45 बजे ग्राम पोड़ी में सभा आहूत की गई है। जहां सरोज पाण्डेय संबोधित करेंगी। 11.15 बजे भैंसवार में स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। दोपहर 2 बजे ग्राम घाघरा पहुंचेंगी, जहां सतपाल महाराज उनके कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### जिले के लिए सामान्य प्रेक्षक नियुक्त

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 4 कोरबा के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 2 मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के लिए भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा सामान्य ऑब्जर्वर कैलाश सुखदेव पागरे भारतीय प्रशासनिक सेवा को नियुक्त किया गया है। इनका स्थानीय पता रूम नंबर 06 पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस मनेन्द्रगढ़ नियत किया गया है।

### गैंग रेप की शिकायत जांच में निकली फर्जी

**अंबिकापुर।** शनिवार को महिला द्वारा की गई गैंग रेप की शिकायत के बाद दिनभर सरगुजा पुलिस परेशान रही। दिनदहाड़े गैंग रेप की घटना से पुलिस महकमें में भी हड़कंप मचा रहा और पुलिस संदेहियों को भी हिरासत में ले आई लेकिन जब महिला का नशा उतरा और उसकी चिकित्सकीय जांच कराई गई तो पूरी शिकायत की झूठी निकली जिसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र से दम्पति काम की तलाश में अंबिकापुर आया हुआ है। दम्पति मणिपुर थाना क्षेत्र के भिट्ठीकला में रुका हुआ है। शनिवार की सुबह शराब के नशे में धुत्त महिला हॉस्पिटल पहुंच गई और शिकायत दर्ज कराई की उसके साथ दिन दहाड़े गैंग रेप हुआ है। इस घटना की जानकारी मणिपुर पुलिस को देने के साथ ही महिला को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। आला अधिकारी भी घटना की जांच में जुट गए लेकिन महिला नशे में धुत्त थी कुछ बता नहीं पा रही थी। इस दौरान पुलिस ने कुछ संदेहियों को भी हिरासत में ले लिया लेकिन कुछ घंटों बाद जब महिला का नशा उतरा और उसे पूछताछ करने के साथ ही चिकित्सकीय जांच कराई गई तो महिला की रिपोर्ट फर्जी निकली।

### मवेशी चराकर घर लौट रहे दामाद को पीटा

**अम्बिकापुर।** पारिवारिक बात को लेकर सास,ससुर सहित रिश्तेदार ने मवेशी चराकर वापस लौट रहे दामाद की जमकर पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार चंदोरा थाना अंतर्गत ग्राम जजावल मनवारीपारा निवासी उमेश यादव गुरूवार को घर के मवेशियों को लेकर गिरीया जंगल के समीप चराने गया था। रात लगभग 9 बजे वापस घर आने लगा तभी रास्ते में सास लीलावती यादव,ससुर रामरूप यादव और चरण खैरवार ,बच्चन खैरवार मिले और आपसी पारिवारिक विवाद को लेकर गाली गलौज करते हुए विवाद करना शुरू कर दिया। विवाद इतना बढ़ गया कि चारों ने डंडे से उमेश यादव की जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख गांव के ही प्रभु यादव, पंचू यादव ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। इधर घटना की जानकारी लगने पर पत्नी कमला यादव मौके पर पहुंची और घायल पति को अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है।

प्रतिष्ठा वाली कोरबा लोकसभा सीट पर भाजपा-कांग्रेस में सीधा मुकाबला

# भीषण गर्मी में चुनाव प्रचार ने पकड़ा जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ कोरिया-एमसीबी में तीन विधानसभा

इस भीषण गर्मी के बीच लोकसभा चुनाव के प्रचार-प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। कोरबा लोकसभा सीट के लिए आगामी 7 मई को मतदान होना है, इस लिहाज से अब चुनाव के लिए काफी कम समय ही शेष रह गया है। कोरिया-एमसीबी जिले को मिलाकर यहां तीन विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जहां के मतदाता अपने सांसद का चुनाव करेंगे।

कोरबा लोकसभा सीट पर सीधा मुकाबला सरोज पाण्डेय और ज्योत्सना महंत के बीच ही हैं। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिला कोरबा लोकसभा क्रमांक 4 में शामिल है, कोरबा लोकसभा में वर्ष 2024 में चौथी बार चुनाव होने जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोरबा लोकसभा



सरोज पाण्डेय।



ज्योत्सना महंत।

क्षेत्र का परिसीमन वर्ष 2008 में होने के बाद अस्तित्व में आया। परिसीमन के बाद जब कोरबा लोकसभा वर्ष 2008 में अस्तित्व में आया, तब कोरिया जिला इसमें शामिल किया गया। कोरबा लोकसभा क्षेत्र छग का प्रतिष्ठित सीटों में शामिल है। परिसीमन के बाद हुए चुनाव में कोरबा लोकसभा क्षेत्र से पहली बार कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. चरणदास महंत ने चुनाव जीता था। वर्ष 2009 में कोरबा लोकसभा क्षेत्र का पहला चुनाव हुआ, इसमें कांग्रेस से डॉ.चरण दास महंत तथा भाजपा से श्रीमती करूणा शुक्ला चुनाव मैदान में रहे। इसमें डॉ.चरण दास महंत ने जीत दर्ज की थी। इस लोकसभा चुनाव में अब तक हुए चुनाव परिणामों को देखने के बाद यह पता चलता है कि कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कोई भी दुबारा नहीं जीता है।

इस बार कांग्रेस ने वर्तमान कोरबा क्षेत्र के सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को मौका दिया है, उसके जवाब में भाजपा ने पूर्व राज्य सभा सांसद श्रीमती सरोज पाण्डेय को मैदान में उतारा। प्रदेश का यह ऐसा लोकसभा क्षेत्र है, जहां दो प्रमुख राजनीतिक दलों की महिला दिग्गज चुनाव मैदान में हैं। जानकारी के अनुसार कोरबा लोकसभा क्षेत्र में कोरिया एमसीबी जिले के तीन विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं, जबकि कोरबा जिले के पांच लोकसभा सीटें समाहित है। इस सीट में सर्वाधिक जनसंख्या अजजा वर्ग की है।

### हर बार भाजपा ने बदले प्रत्याशी

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में अब तक हुए तीन चुनाव को देखने के बाद पता चलता है कि कांग्रेस ने इस सीट पर लगातार दुसरी बार प्रत्याशी एक ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन भाजपा प्रत्येक चुनाव में अपना प्रत्याशी बदलते रही। जानकारी के अनुसार कोरबा लोकसभा चुनाव में परिसीमन के बाद वर्ष 2009 में हुए चुनाव में कांग्रेस से डॉ.चरण दास महंत एवं भाजपा से श्रीमती करूणा शुक्ला के बीच मुख्य मुकाबला रहा। इसमें कांग्रेस के डॉ. चरण दास महंत जीते थे। वहीं दूसरे बार हुए चुनाव में कांग्रेस ने फिर से डॉ.चरण दास महंत को प्रत्याशी बनाया, लेकिन भाजपा ने नया प्रत्याशी डॉ.बंशीलाल महतो को प्रत्याशी बनाया। इसमें भाजपा के बंशीलाल ने जीत दर्ज की, इसके बाद वर्ष 2019 में तीसरी बार कोरबा लोकसभा का चुनाव हुआ। इसमें कांग्रेस ने डॉ. चरण दास महंत की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत को मैदान में उतारा उनके मुकाबले भाजपा ने ज्योतिनंद दुबे को मैदान में उतारा। इस चुनाव में कांग्रेस के श्रीमती महंत ने जीत दर्ज की।

### इस सीट से लगातार दुबारा कोई नहीं जीता

कोरबा लोकसभा क्षेत्र में अब तक हुए तीन चुनावों के परिणामों पर नजर डालने पर यह जानकारी मिलती है कि इस लोकसभा चुनाव में लगातार दूसरी बार कोई भी प्रत्याशी जीत दर्ज नहीं की है। इस बार कांग्रेस ने वर्तमान सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत को दुबारा मौका मिला है, ऐसे में क्या इस बार इस मिथक को वे तोड़ पाएंगी, यह आने वाला चुनाव परिणाम ही बता सकता है। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में कोरबा लोकसभा चुनाव में भाजपा व कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी को उतारा है। छग प्रदेश का यह ऐसा लोकसभा सीट है, जिसमें दोनों प्रमुख राजनीतिक दलों के द्वारा महिला उम्मीदवार उतारा है, जिनके बीच चुनावी मुकाबला होगा।

### रोचक है चुनावी मुकाबला

कोरबा लोकसभा सीट से आगामी दिनों होने वाले चुनावी मुकाबला काफी रोचक हो गया है। इस सीट पर कांग्रेस ने छग विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरण दास महंत की धर्मपत्नी को उम्मीदवार बनाया है। डॉ. महंत कोरबा लोकसभा के पहले चुनाव में जीत दर्ज किया था और वर्ष 2019 में डॉ.महंत की धर्मपत्नी श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जीत दर्ज की और वर्तमान तक पद पर है। ऐसे में कांग्रेस अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाने को तैयार है, वहीं इस सीट पर इस बार भाजपा ने पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा की राष्ट्रीय पदाधिकारी सरोज पाण्डेय को अपना उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में इस बार भाजपा भी जीतने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। दोनों ही इस सीट की जीत को प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रहे हैं, इसके चलते कोरबा लोकसभा सीट का चुनावी मुकाबला रोचक होने वाला है।

### सतपाल महराज आज घाघरा में

कोरबा लोकसभा की भाजपा प्रत्याशी सुश्री सरोज पाण्डेय के पक्ष में चुनाव प्रचार करने भरतपुर-सोनहत विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घाघरा में 22 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे



उत्तराखंड सरकार के पर्यटन, संस्कृति एवं सिंचाई मंत्री सतपाल महाराज हेलीकाप्टर से पहुंचेंगे। श्री सतपाल मानव उत्थान सेवा समिति के संस्थापक भी है। वे यहां भक्तों से मुलाकात करने के साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। इसके पश्चात सतपाल महाराज रायपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। इस दौरान भरतपुर-सोनहत विधानसभा के कार्यकर्ता, सुश्री सरोज पांडे प्रत्याशी लोकसभा कोरबा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक भरतपुर-सोनहत श्रीमती रेणुका सिंह, पूर्व विधायक अहिरवारा सांवल राम डहरे आदि मौजूद रहेंगे।

### आयोजन स्थल का किया निरीक्षण



कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाते भाजपाई।

रविवार को भाजपा महिला मोर्चा छग प्रदेश महामंत्री एवं पूर्व संसदीय सचिव श्रीमती चंपादेवी पावले बहरासी मंडल के ग्राम पंचायत पहाड़ हसवाही, कछौड़ एवं घघरा में नितिन अग्रवाल, मोहन सिंघानिया के साथ जनसंपर्क कर सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में चुनाव-प्रचार कर लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील की। साथ ही ग्राम पंचायत घघरा में श्री सतपाल महाराज के होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली। बहरासी मंडल के ग्राम घघरा में जनसंपर्क कर सुश्री सरोज पांडेय के पक्ष में प्रचार की एवं घघरा में सतपाल महाराज के होने वाले कार्यक्रम को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्था की जानकारी ली। साथ में नितिन अग्रवाल, मोहन सिंघानिया, सुनील सहित अन्य लोग साथ में रहे।

हनुमान जन्मोत्सव

# प्राचीन मंदिर में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ बाजारपारा हनुमान मंदिर में अखंड रामायण

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर शहर के बाजारपारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी श्री-श्री हनुमान मंदिर बाजारपारा समिति के द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की गई है। जानकारी के अनुसार समिति द्वारा 23 अप्रैल श्री हनुमान जन्मोत्सव को उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा।

इस अवसर पर एक दिन पूर्व आज 22 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से अखंड रामायण शुरू होगा और दूसरे दिन 23 अप्रैल को अखण्ड रामायण समाप्त होगी। इस दौरान मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना करने के पश्चात महाआरती की जाएगी, इसके पश्चात श्री हनुमान जी को लडडुओं का



हनुमान मंदिर।

महाभोग चढ़ाया जाएगा, इसके साथ ही समिति के द्वारा विशाल भंडारा कार्यक्रम भी मंदिर प्रांगण में किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को उपस्थित होकर राम कथा श्रवण कर पुण्य का लाभ लेने की अपील की गई है।

### चार-चार डॉक्टरों वाले अस्पताल में चौकीदार कर रहा मरीजों का उपचार, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**अम्बिकापुर।** जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं अब चौकीदारों के जिम्मे हो गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि रघुनाथपुर पीएचसी में मरीजों को चौकीदार ही इंजेक्शन लगा रहे है चिकित्सक नदारद है। सबसे बड़ी बात यह है कि यह अस्पताल चार चार चिकित्सकों वाला पीएचसी है जो एनएच के किनारे मौजूद है लेकिन एक भी डॉक्टर ड्यूटी पर नजर नहीं आ रहा है। चौकीदार द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने का वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। इस मामले में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच कराने की बात कह रहे है लेकिन यदि चौकीदार के भरोसे अस्पताल को छोड़ दिया जाए तो किसी भी दिन कोई बड़ी घटना हो सकती है। बताया जा रहा है कि शनिवार की रात बटवाही यादव पारा निवासी सीताराम यादव के पेट में दर्द हो रहा था जिसके बाद परिजन रात दस बजे मरीज को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रघुनाथपुर पहुंचे थे लेकिन जब मरीज को लेकर परिजन अस्पताल पहुंचे अस्पताल में एक भी डॉक्टर इमरजेंसी ड्यूटी पर नहीं था। चौकीदार मौजूद मरीजों का उपचार करने उन्हें इंजेक्शन भी लगा रहा था।

# शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म

■ कोरिया पुलिस ने आरोपी को घर से किया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल दाखिल करा दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बीते 15 अप्रैल को नाबालिग पीड़िता अपने परिजन के साथ थाना चरचा में एक लिखित आवेदन पत्र दिया जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया।

पुलिस रिपोर्ट के अनुसार पीडिता ने अपने आवेदन में बताया कि 17 अप्रैल 2019 को वह अपने फुआ के घर शादी में ग्राम जमगहना गई थी, जहां इसकी दोस्ती ग्राम फूलपुर के रूपेन्द्र बेक के साथ हुई थी, इसके बाद से दोनों में बातचीत होती रहती थी। आरोपी रूपेन्द्र बेक नाबालिग पीड़िता से विवाह करने का आश्वासन दिया। इसी दौरान आरोपी ने शादी का झांसा देकर 26 जून 2019 की रात पीड़िता को फोन कर घर के बाहर बुलाया अपनी मोटर सायकल में बैठाकर अपने घर ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया और इस दौरान कई बार पीड़िता के साथ शारीरिक संबंध बनाया है। इस मामले में अपराध दर्ज होने पर आरोपी रूपेन्द्र बेक पिता नेहरू बेक उम्र 23 वर्ष निवासी फूलपुर चरचा को ग्राम फूलपुर में उसके घर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 376 (2)(ढ) भादवि, 06 पॉक्सो एक्ट कायम कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले के खुलासे में निरीक्षक अनिल किण्डो, उप निरीक्षक अब्दुल मुनाफ, प्रधान आरक्षक सत्येन्द्र तिवारी, आरक्षक राजेश कुमार, विजय सिंह का शामिल रहे।

### वाहन की टक्कर से युवक की हालत नाजुक

**अम्बिकापुर।** वाहन की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम अखोरा मे आज दोपहर युवक को अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना को देख आसपास के लोगों ने घटना की सूचना संजीवनी 108 को दी। सूचना पर संजीवनी 108 के कर्मचारियों ने घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां अज्ञात युवक की उपचार जारी है।

# गर्मी बढ़ने पर आज से 15 जून तक स्कूल बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

■ स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए आदेश

छग शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने रविवार को शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त शालाओं में ग्रीष्मावकाश घोषित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता से मिली जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग ने 22 अप्रैल से 15 जून तक



फाइल फोटो

यानी 55 दिवसों का ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। विदित हो कि पूर्व में 1 मई से ग्रीष्म अवकाश देने का आदेश हुआ था, लेकिन प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी व लू के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा शासकीय, अनुदान प्राप्त, गैर अनुदान प्राप्त, अशासकीय शालाओं के लिए घोषित ग्रीष्मकालीन अवकाश में तिथि में संशोधन करते हुए 22 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया है। आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि शिक्षकों के लिए यह ग्रीष्मावकाश लागू नहीं होगा तथा विभागीय समसंख्यक आदेश की शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी।

# कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीराम कथा शुरु

■ दीपू महाराज करेंगे संगीतमय कथा का वाचन

**बैकुण्ठपुर।** कटकोना कॉलरी के शिव मंदिर प्रांगण में 21 अप्रैल को नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा उत्सव प्रारंभ हुआ। पहले दिन सुबह 10 बजे शिवमंदिर प्रांगण कटकोना से कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे और इसी दिन सायं 5 बजे से कथा शुरू हुई।

जानकारी के अनुसार 21 अप्रैल से शुरू नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा उत्सव आगामी 29 अप्रैल तक प्रतिदिन चलेगा और इसके अगले दिन 30 अप्रैल को हवन के साथ पूर्णाहूति दी जाएगी, साथ ही इस दिन विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किए गए हैं, इसके साथ ही नौ दिवसीय संगीतय श्रीराम कथा उत्सव समाप्त हो जाएगा। जानकारी के अनुसार उक्त आयोजन ग्राम कटकोना के ⏩शेष पेज 4 पर





निकली कलश यात्रा।

### पीएमश्री स्कूल के छात्राओं ने बनाई रंगोली

**चरचा कॉलरी।** देश में चल रहे लोकतंत्र का महापर्व लोकसभा चुनाव को लेकर जगह-जगह मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कोरिया जिले में तृतीय चरण के अंतर्गत 7 मई को मतदान होना है, इसको लेकर चरचा क्षेत्र के पीएम श्री स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली अभियान का आयोजन किया गया। इसमें छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से समाज में एक नया संदेश देने की कोशिश की गई, जिससे बढ़ चढ़कर मतदान हो सके। मतदान का इंतजार कोरिया है तैयार, स्कीम के आगे रंगोली बनाकर चरचा क्षेत्र वासियों को अच्छा संदेश दिया। इस कड़ी लोकतंत्र के महापर्व टूटने न पाए, एक भी मतदाता छूटने न पाए, जहां आम मतदाताओं को 7 मई को होने वाले मतदान के लिए प्रेरित होना होगा, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में हर मतदाता बढ़-चढ़कर मतदान करें। वहीं पीएम श्री प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली के माध्यम से जागरूक करने की कोशिश किया है।



वास्तुकला में बेहतरीन दिखती है कलाकृति

# सोनहत के जंगल में 8 फीट ऊंचे दिखते हैं दीमक के टीले



दीमक द्वारा बनाएं गए टीले।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

नन्हें दीमकों के द्वारा मेहनत कर विशाल टीलों का निर्माण करते हैं जो उनका आशियाना होता है, जिसे देखकर आश्चर्य होना लाजिमी है। दीमक का टीला निर्माण करना एक बेहतरीन वास्तुकला का उदाहरण है।

जानकारी के अनुसार दीमक के टीले इतने मजबूत होते हैं कि उसे आसानी से तोड़ा नहीं जा सकता। जंगल क्षेत्रों में कई छोटे-बड़े दीमक के टीले बनाए हुए दिखाई देते हैं जो हर मौसम में मजबूती के साथ खड़े रहते हैं। निर्माण कला ऐसी होती है कि बरसात के मौसम में भी दीमक के टीले ढहते नहीं है। जानकारी के अनुसार टीले का निर्माण ऐसे किया जाता है कि उसके भीतर जरूरी आद्रता तो रहती ही है साथ ही हवादार भी रहता है, जिसके भीतर फंगस के पनपने का अवसर भी मिलता है उसी फंगस को दीमक अपना भोजन बनाते हैं और हर मौसम दीमक अपने टीले के भीतर सुरक्षित रहते हैं। कीटों की दुनियां में निश्चित रूप से दीमक के टीले अपनी वास्तुकला के लिए जाने जाते हैं। टीले का निर्माण मिट्टी, पानी के साथ अपने लार का उपयोग करते हैं, इसके कारण दीमक का टीला मजबूती के साथ हर मौसम में खड़ा रहता है। जिले के जंगलों में ऐसे कई जगहों पर छोटे-बड़े दीमक के टीले दिखाई देंगे। सोनहत जनपद अंतर्गत मझारटोला के निकट जंगल के निकट दीमक ⏩शेष पेज 4 पर

### महीनों कड़ी मेहनत कर बनाते हैं आशियाना

दीमकों के द्वारा अपने लिए विशाल आशियाना बनाने के लिए कई महीनों की लगातार मेहनत के बाद ही बन पाता है, इसके लिए हजारों की संख्या में नन्हें दीमक टीले के निर्माण में जुटते हैं, तब जाकर कई महीनों के बाद उनका आशियाना तैयार हो पाता है। पहले छोटे साइज इसके बाद फिर उसकी ऊंचाई बढ़ाते चले जाते हैं। इस तरह हजारों की संख्या में दीमकों के द्वारा मेहनत कर अपना महल तैयार करते हैं, इसके भीतर वे हर मौसम में सुरक्षित रहते हैं।

### मजबूती ऐसी की आसानी से नहीं ढहता

दीमक अपने लिए टीले का निर्माण करने के लिए मिट्टी, पानी के साथ अपनी लार का उपयोग करते हैं। इन सबके उपयोग करने के बाद उनके द्वारा बनाया गया टीला इतना मजबूत बन जाता है कि कोई भी आदमी अपने हाथों से उनके बनाए टीले को आसानी से ढहा नहीं सकता। यह अलग बात है कि बरसात में उनके टीले गीले हो जाते हैं, उस दौरान थोड़ी कम मेनहत के बाद ढहाया जा सकता है,लेकिन बाकी मौसम में हाथ से धक्का देकर दीमक के टीले को आसानी से नहीं तोड़ा जा सकता।



21- APR-Jash-RAGH--CORIYA-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/21/2024 7:15 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## प्राइम वीडियो पर 'रोड हाउस' हिट होते ही लग गई लॉटरी



जेक जिलेनहाल की फिल्म 'रोड हाउस' अमेजन की सबसे बड़ी लॉन्च बन गई है, इस फिल्म को अब तक की 50 मिलियन दर्शकों ने देखा है। 'रोड हाउस' की रिलीज के बाद अमेजन एमजीएम स्टूडियोज ने जेक जिलेनहाल की 'नाइन स्टोरीज कंपनी' के साथ तीन साल का फर्स्ट-लुक डील साइन किया है। इस डील में अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के साथ फिल्म की थिएटर और ओटीटी स्ट्रीमिंग रिलीज भी शामिल हैं। गौरतलब है कि जिलेनहाल हाल ही में 'रोड हाउस' में नजर आए थे, जो पैट्रिक स्वेज की फिल्म की रीमेक थी। यह फिल्म 21 मार्च को प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इसे दुनियाभर में अब तक 50 मिलियन से अधिक दर्शक देख चुके हैं। इससे पहले जिलेनहाल 'गाइ रिची की द कॉवेनेंट' में नजर आए थे। इस फिल्म को एमजीएम स्टूडियोज ने पिछले साल रिलीज किया था। जिलेनहाल ने साल 2015 में रीवा मार्कर के साथ 'नाइन स्टोरीज' की स्थापना की थी। हाल ही में इस कंपनी ने एंटोनी फूक्वा की 'द गिल्टी' का निर्माण किया। इस फिल्म में भी जिलेनहाल ने अभिनय किया था। इसके अलावा इस कंपनी ने पॉल डैनो के निर्देशन की पहली फिल्म 'वाइल्डलाइफ' का भी निर्माण किया था, इस फिल्म में कैरी मुलिगन नजर आए थे। इसके अलावा कंपनी ने डेविड गॉर्डन ग्रीन की 'स्ट्रॉन्गर' भी बनाई थी, जिसमें जिलेनहाल ने जेफ बाउमन की भूमिका निभाई थी, जो बोस्टन मैराथन बम विस्फोट में जीवित बचे जेफ बाउमन की कहानी थी। इसके अलावा भी कंपनी कई चर्चित फिल्मों का निर्माण किया। हालांकि, साल 2002 में मार्कर ने लिंडेन एंटरटेनमेंट के लिए नाइन स्टोरीज कंपनी छोड़ दी। इस डील को लेकर अमेजन एमजीएम स्टूडियो के जूली रैपापोर्ट ने कहा, 'जेक में एक अनोखी प्रतिभा है, फिल्म निर्माण के प्रति उनका जुनून साफ नजर आता है। कैमरे के सामने और पर्दे के पीछे कहानीकार के रूप में भी जेक शानदार हैं। 'रोड हाउस' की रिकॉर्ड-तोड़ सफलता के बाद हम अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर और मजबूत बनाने चाहते थे। जिसके लिए यह सबसे बेहतर समय है। इस डील से आगामी फिल्में को लेकर हम काफी उत्सुक हैं'।

### टॉलीवुड

## 14 साल बाद ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन फिर दिखेंगे साथ-साथ



दक्षिण भारत के कमाल के अभिनेताओं के सूची ममूटी के नाम के बिना हमेशा अधूरी रहेगी। मलयालम सुपरस्टार ममूटी अपने अभिनय के दम पर ही इस मुकाम तक पहुंचे हैं। उनके प्रशंसक उनकी आने वाली फिल्मों पर नजर टिकाए बैठे रहते हैं। ममूटी के प्रशंसक उनकी कोई भी फिल्म छोड़ना नहीं चाहते। अब उनके चाहने वालों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ममूटी जल्द ही पृथ्वीराज सुकुमारन के साथ एक फिल्म में नजर आ सकते हैं। यह एक थ्रिलर फिल्म होगी, जिसमें दो बड़े सुपरस्टार एक साथ दिखेंगे। कहा जा रहा है कि ममूटी और पृथ्वीराज इस फिल्म में हीरो और विलेन की भूमिका अदा करने जा रहे हैं। इस फिल्म को एक नए निर्देशक द्वारा बनाने की भी चर्चा चल रही है। वहीं, इसका निर्माण एंटो जोसेफ कर सकते हैं।

ऐसी खबर है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू हो सकती है। अगर ऐसा हुआ तो 14 साल के लंबे अंतराल के बाद दर्शकों को ममूटी और पृथ्वीराज सुकुमारन को एक साथ देखने का मौका मिलेगा। दोनों ने आखिरी बार एक साथ साल 2010 में काम किया था। वे फिल्म 'पोक्किरी राजा' में नजर आए थे। ममूटी की पिछली फिल्म 'ब्रमायुगम' सुपर हिट साबित हुई थी। वहीं, पृथ्वीराज सुकुमारन ने फिल्म 'द गोट लाइफ' में दमदार अभिनय किया था। यह एक सर्वाइवल ड्रामा फिल्म है, जिसमे उन्होंने नजीब का किरदार निभाया हैं। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। हाल ही में, उनकी हिंदी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' भी रिलीज हुई है, जो बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है।

### भोजपुरी

## अक्षरा सिंह के लिए प्रेमी से 'जानवर' कैसे बन गए थे पवन सिंह? क्या है विवाद?



पवन सिंह और अक्षरा सिंह एक वक्त पर दो जिस्म एक जान थे। अक्षरा पवन पर जान छिड़कती थीं। हालांकि धीरे धीरे दोनों का रिश्ता बिगड़ने लगा। मामला यहां तक बिगड़ गया कि अब दोनों कट्टर दुश्मन हो गए हैं।अक्षरा सिंह का आरोप है कि रिलेशनशिप के दौरान पवन सिंह ने उन्हें काफी परेशान किया था। इन दिनों पश्चिम बंगाल की लोकसभा सीट आसनसोल चर्चा में बनी हुई है। भारतीय जनता पार्टी ने इस सीट से भोजपुरी के पावर स्टार पवन सिंह को उम्मीदवार बनाया था। पर उन्होंने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया। इस बीच सोशल मीडिया पर चर्चा ज़ोरो पर थी कि आसनसोल से भोजपुरी की ही मशहूर एक्ट्रेस और पवन सिंह की एक्स गर्लफ्रेंड अक्षरा सिंह चुनाव लड़ सकती हैं। हालांकि बीजेपी ने अब वहां से एसएस अहलूवालिया को मैदान में उतारा है।

अक्षरा सिंह और पवन सिंह एक वक्त पर काफी अच्छे दोस्त थे। फिर दोनों ने एक दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था। पवन से अक्षरा कैसे मिलीं? इसका जवाब खुद उन्होंने एक इंटरव्यू में दिया था। अक्षरा ने कहा था, "इंडस्ट्री में कुछ फिल्में करने के बाद मेरी मुलाकात हुई ।

## फूलों का जलवा

न्यूयार्क फैशन वीक के वार्षिक फ़्लूरोटिका फैशन शो में फ्लोरल गाउन और हेडपीस गारफ़ील्ड ने पार्क कंज़र्वेटरी पर रौनक बिखेर दी। फ़्लूरोटिका थीम को दर्शकों ने खूब पसंद किया। डिजाइनर ने अपनी क्रिएटिविटी को नए आयाम देते हुए फूलों से भरी ड्रेस अपने मॉडल को दी।




## लंबे समय तक टिका रहेगा बालों का कलर, जानें तरीका

बालों में कलर करना आजकल लोगों को काफी पसंद है। लेकिन यह तो अजीब लगता है। जब यह हटने लगता है। इससे बालों का टेक्सचर भी खराब होने लगता है। इसके लिए जरूरी है कि आप एक्सपर्ट सलाह लें।



बालों को हेल्दी रखना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन आजकल लोग हेयर ट्रीटमेंट के साथ-साथ बालों में कलर करना भी काफी पसंद कर रहे हैं। अलग-अलग तरह के कलर लोगों की पसंद बनते जा रहे हैं। कई सारे लोग डबल शेड के कलर को अपने बालों में कराते हैं। वहीं कई लोग एक ही कलर को अपने बालों के आधे हिस्से पर करना पसंद करते हैं। लेकिन दिक्कत तब आती है जब कुछ समय बाद यह कलर खराब होने लगता है। इसके लिए आपको डॉक्टर सलोनी वोहरा के टिप्स को फॉलो करें। इसमें उन्होंने बताया है कि आप किस तरह से बालों के कलर को बचाकर रख सकते हैं। चलिए आपको भी इसकी जानकारी देते हैं।

**बालों को कलर करने से पहले डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट लें:** बालों में कलर कराने से पहले अपने बालों के लिए डीप कंडीशनिंग ट्रीटमेंट जरूर लें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे बालों में किया गया कलर अच्छे से लग पाता है। साथ ही जब ये ट्रीटमेंट पूरा हो जाता है तो इससे बाल अच्छे और शाइनी लगते हैं। इसे कराने के बाद आपके बाल भी कम डैमेज होते हैं। इसलिए आपको इसे जरूर ट्राई करना चाहिए। आप चाहें तो इसके लिए एक्सपर्ट की सलाह भी ले सकती हैं।

**कलर प्रोटेक्टिंग हेयर प्रोडक्ट का करें इस्तेमाल:** जब भी आप बालों को कलर कराते हैं तो जिस जगह से आप इन्हें करवाते हैं। वहां से आपको कुछ ऐसे प्रोडक्ट मिलते हैं जिन्हें आपको इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। ऐसा इसलिए किया जाता है ताकि आपके बालों का कलर लंबे समय तक टिका रहे। यह कलर प्रोटेक्टिव प्रोडक्ट होते हैं। जिससे बाल हेल्दी रहते हैं। आपको इसे इस्तेमाल करना नहीं छोड़ना चाहिए। इससे बालों का कलर लंबे समय चलता है।

## पार्टी में स्टाइल करें चेक डिजाइन आउटफिट्स




पार्टी में जाने के लिए आप अगर किसी अलग तरीके के डिजाइन के आउटफिट को सर्च कर रही हैं, तो इस बार आप चेक आउटफिट को स्टाइल करें। इसमें आपका लुक काफी अच्छा लगेगा।

पार्टी में जाना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन वहां जाने के लिए अक्सर हम एक ही चीज को लेकर कंफ्यूज रहते हैं कि क्या पहनकर जाया जाए। इसके लिए हम कई सारे कपड़ो को वॉर्डरोब से बाहर निकालते हैं, ताकि अगर कुछ समझ आए तो उसे स्टाइल करें। लेकिन ऐसा नहीं होता है। ऐसे में आप इस बार चेक डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करें। चेक डिजाइन वाली ड्रेस अच्छी लगती हैं और लुक को अलग दिखाती हैं। इसमें आपको ऑप्शन भी कई सारे मिल जाते हैं। चलिए आपको बताते हैं किन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं।



**मैक्सी ड्रेस:** आप अगर डे पार्टी के लिए आउटफिट ऑप्शन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चेक डिजाइन वाली मैक्सी ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग-अलग ऑप्शन मिल जाएंगे। जिसे स्टाइल करके आप सबसे अलग और अट्रैक्टिव नजर आने वाली हैं। इसमें आपको ए लाइन मैक्सी ड्रेस और स्लिट कट मैक्सी ड्रेस के ऑप्शन मिल जाएंगे। इस ड्रेस के साथ आप पर्ल ज्वेलरी को वियर कर सकती हैं। मार्केट में इस तरह की ड्रेस आपको मार्केट में 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**ए लाइन ड्रेस करें स्टाइल :** आप चेक डिजाइन में ए लाइन ड्रेस को स्टाइल कर सकती हैं। इसमें आपको फ्रॉक स्टाइल ड्रेस मिलेगी। आप इस तरह की ड्रेस में बड़े और छोटे प्रिंट की ड्रेस मिल जाएगी। जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। इसमें कलर के भी कई सारे अच्छे ऑप्शन देखने को मिलेंगे। इसमें आपको कॉलर नेकलाइन और वी नेकलाइन की ड्रेस देखने को मिल जाएगी। जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट से इस तरह की ड्रेस 250 से 500 रुपये में मिल जाएगी।

**को ऑड सेट करें स्टाइल:** आउटफिट स्टाइल करना हर किसी को पसंद होता है। पार्टी में जाने के लिए हम अलग-अलग डिजाइन के आउटफिट को सर्च करते हैं।

## पुरानी साड़ी से बनाएं खूबसूरत आउटफिट्स, लोग करेंगे तारीफ

पुरानी साड़ी को अलमारी में रखने की बजाए उसे दोबारा रीयूज करें और अलग-अलग डिजाइन की ड्रेस तैयार करवाएं। इससे आपको मार्केट जाकर पैसे खर्च करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जब भी हमें कहीं बाहर जाना होता है तो इसके लिए हम काफी समय पहले से ही शॉपिंग करना शुरू कर देते हैं। किसी को एथनिक आउटफिट खरीदना पसंद होता है तो कोई अपने लिए वेस्टर्न ड्रेस को खरीदता है। लेकिन जो कपड़े हमारी अलमारी में पहले से ही रखे हुए होते हैं उसे इस्तेमाल करना हम भूल जाते हैं। साड़ी के साथ भी अक्सर ऐसा ही होता है। कई सारी साड़ी ऐसी होती हैं, जिन्हें इस्तेमाल करने के बारे में हम कई बार भूल जाते हैं। लेकिन इस बार आपको बाजार से जाकर ड्रेस लेने की जरूरत नहीं है। बल्कि हम आपको बताएंगे। आपकी अलमारी में रखी साड़ी को आप कैसे इस्तेमाल कर सकती हैं।



**पुरानी साड़ी से बनाएं प्लाजो:** अगर आपके पास सिल्क की ऐसी कोई साड़ी रखी है जो इस्तेमाल में नहीं आ रही है तो इसके लिए आप प्लाजो रेडी करा सकती हैं। यह आसानी से बन जाता है और किसी भी टॉप के साथ वियर किया जा सकता है। आप चाहें तो इसके ऊपर पहनने वाली स्लिट कुर्ती के साथ भी आप इसे वियर कर सकती हैं। जिससे लुक अच्छा लगे। इस तरह के प्लाजो में आप अपने हिसाब से घेर भी तैयार करा सकती हैं। जिससे वो अच्छा लगे।

**पुरानी साड़ी से बनाएं बांधनी अनारकली सूट:** अगर आपके पास पुरानी बांधनी साड़ी रखी है तो आप इसे रीयूज करके अनारकली सूट तैयार कर सकती हैं। आजकल इस तरह के सूट काफी ट्रेंड में है और अच्छे लगते हैं। ऐसे में आप इन्हें बाजार से खरीदने की बजाए घर पर रखी साड़ी को दोबारा इस्तेमाल करके अपने टेलर से तैयार करा सकती हैं। साथ ही आप जितना चाहें उतने घेर के अनारकली सूट को तैयार कर सकती हैं। इस तरह के सूट को नया टच देने के लिए आप इसमें टेस्ल लगा सकती हैं।

## दुल्हन के लिए खूबसूरत और लाइटवेट लहंगे की डिजाइंस जरूर अपनाएं

समय बहुत बदल चुका है और समय के साथ-साथ फैशन में भी बहुत बदलाव देखे जा रहे हैं। यदि ब्राइडल फैशन की बात की जाए, तो अब दुल्हनें भारी-भरकम जरी गोटे के काम वाले लहंगे को पहनना कम पसंद करती हैं। हालांकि, इस तरह के लहंगों का क्रेज अभी भी बरकरार है, मगर अब लाइटवेट ब्राइडल लहंगे लड़कियों को ज्यादा भाते हैं। इस तरह के लहंगों में आपको बहुत सारी वेराइटी भी मिल जाएंगी। आजकल फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया बनारसी सिल्क लहंगा भी बहुत ज्यादा ट्रेंड में है।



वाराणसी में हुए एक फैशन शो में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन ने बनारसी सिल्क फैब्रिक से बना बहुत सिंपल सोबर ब्राइडल लहंगा पहन कर रैंप वॉक किया था। इस लहंगे को महिलाओं के बीच काफी पसंद किया जा रहा है। बनारसी सिल्क को पूरी दुनिया बहुत पसंद किया जाता है और यह बहुत ही फाइन एवं सॉफ्ट सिल्क की केटेगरी में आता है।

इस तरह के लहंगे आप भी अपनी शादी के लिए तैयार करा सकती हैं। आपको बनारसी सिल्क में भी बहुत सारी वेराइटी मिल जाएगी। अगर आप प्योर सिल्क का लहंगा नहीं अफोर्ड कर पा रही हैं, तो ब्रोकेड सिल्क और रॉ सिल्क में आपको बहुत सारी वेराइटी मिल जाएंगी, जिनके लहंगे बनने के बाद बहुत ज्यादा अच्छे लगते हैं। वैसे इस आर्टिकल में हम आपको लाइटवेट ब्राइडल लहंगों के और भी कुछ विकल्प दिखाएंगे।

**रेड कंटेम्प्रेरी ब्राइडल लहंगा :** जरूरी नहीं है कि आप सिल्क, साटन, वेल्वेट या रॉ सिल्क से तैयार ब्राइडल लहंगे का ही चुनाव करें।

आजकल ट्यूल फैब्रिक से तैयार लहंगों में सेल्फ कलर सीक्वेंस वर्क को काफी पसंद किया जा रहा है।

## कार्नर न्यूज

### अब दौर है आर्टिफिशियल ज्वेलरी का, इन्हें सहेज कर रखना भी एक कला

ऑक्सीडाइज ज्वेलरी हो या मोती के सेट महिलाओं के पास एक या दो नहीं बल्कि कई सारे आर्टिफिशियल ज्वेलरी होती है। आर्टिफिशियल ज्वेलरी की खास बात यह है कि ये सोने और डायमंड से कम दाम पर मिलते हैं और पहनने पर खूबसूरत भी लगते हैं। सभी महिलाओं को ट्रेंड के हिसाब से गहने पहनने का शौक होता है। वैसे भी अभी शादियों का सीजन चल रहा है और इस समय लोग खूब सारे तरह-तरह के आर्टिफिशियल सेट और झुमके ले रहे हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी लेना तो आसान है, लेकिन उनका रखरखाव करना मुश्किल। जरा सी लापरवाही और महंगे से महंगे ज्वेलरी हो जाएंगे खराब। आपके महंगे ज्वेलरी जल्दी खराब न हो और सालों साल नई जैसी चमक बरकरार रखे इसके लिए आज हम कुछ टिप्स शेयर करेंगे।


## मंहगी आर्टिफिशियल ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर, सालों-साल नहीं पड़ेगी काली



**मोती की ज्वेलरी को इस तरह से करें स्टोर:** मोती की इयर रिंग्स हो या नेकलेस इसे कभी भी दूसरे ज्वेलरी के साथ प्लास्टिक और दूसरे मैटल के स्टोरेज बॉक्स में न स्टोर करें। हमेशा मोती के गहनों की शाइन बरकरार रखने के लिए उन्हें लकड़ी के डिब्बों में स्टोर करें। लकड़ी के बॉक्स में कपड़े या वेलवेट के रुमाल बिछाकर मोती के गहनों को रखें।

**अमेरिकन डायमंड ज्वेलरी को ऐसे करें स्टोर:** अमेरिकन डायमंड गहनों को पहनने के बाद कभी भी उसमें पानी न पड़ने दें, पानी पड़ने के बाद जल्दी ही ऐडी ज्वेलरी काले पड़ने लगते हैं और उनकी शाइन खत्म हो जाती है। कभी भी एडी ज्वेलरी को किसी दूसरे मेटल के ज्वेलरी के साथ ऐसे ही न रखें। ऐडी के गहनों को अलग वेलवेट (वेलवेट साड़ी लुक) वाले बॉक्स में रखें, ताकि कोई स्क्रैच या नमी न आए।

**गहनों के रखरखाव में न करें ये गलती:** हमेशा गहना पहनने के बाद ज्वेलरी में पानी न पड़ने दें, फेश या हैंड वॉशकरते वक्त गहनों को पानी से बचाएं। पानी पड़ने के बाद ज्वेलरी जल्द ही काले होने शुरू हो जाते हैं। कभी भी मेकअप लगाने से पहले गहने न पहनें, नहीं तो आपके कैमिकल बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट गहनों में लग जाएंगे और गहनों की चमक को खराब करेंगे। आर्टिफिशियल ज्वेलरी को हमेशा खुले में सजाकर न रखें, खुले में रखने से ज्वेलरी में हवा लगती है, जिससे गहनों की शाइन और कलर पर असर पड़ता है। एक साथ सभी गहनों को कभी न रखें, नहीं तो एक दूसरे की पॉलीश और कलर रिएक्ट होकर गहनों को काला करते हैं। चाहें तो जिपलॉक बैग में भी आप ज्वेलरी आइटम को स्टोर कर सकते हैं, यह बैग ज्वेलरी को हवा और नमी से बचाएगा।





# पहले से भी ज्यादा वाइल्ड होगी 'एनिमल पार्क'...

**मुंबई।** रणबीर कपूर के करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म 'एनिमल' के बारे में लोग आज भी बात करना बंद नहीं करते। इस मूवी ने बतौर एक्टर रणबीर का रुतबा तो बढ़ाया ही, साथ ही बॉबी देओल का खोया स्टारडम भी वापस लौटाया। अब रणबीर इस मूवी के सीक्वल 'एनिमल पार्क' को लेकर चर्चा में हैं। अब तक यही जानकारी सामने आई है कि 'एनिमल पार्क' में पहले से ज्यादा डार्क कंटेंट देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, 'रामायण' फिल्म के लिए खुद को तैयार करने में बिजी है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान 'एनिमल' को बनाने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल पार्क' को लेकर एक अपडेट दी है।

## लाइफ Style

# दिशा

## वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाई तबाही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस दिशा पाटनी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्मों में अपने हुस्न का जलवा दिखाने वालीं दिशा पाटनी ने अदाकारी और एक्शन से भी लोगों का दिल जीता है।

बी टाउन की ये खूबसूरत अदाकारा आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी मदहोश करने वालीं फोटोज शेयर करती हैं। कातिलाना अदाओं से लोगों का दिल जीतने वालीं दिशा पाटनी ने इस बार हॉटनेस से भरी अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस बॉडी स्विमसूट में दिलकश अदाओं का जलवा कैमरे के सामने दिखाती नजर आ रही हैं। दिशा का ये वीडियो देख यूजर्स खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए।

इस वीडियो में दिशा पाटनी कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं। वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस ने उनकी ब्यूटी के साथ ही उनके कॉन्फिडेंस की भी तारीफ की है। दिशा का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में दिशा पाटनी गोल्डन कलर के बॉडीकॉन सूट में नजर आ रही हैं। खुले बाल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस की ब्यूटी देखने लायक बन रही है। बी टाउन की इस गॉर्जियस एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें, तो फैंस उन्हें 'वेलकम टू द जंगल' में देखेंगे। ये मल्टी स्टार कास्ट वाली फिल्म होगी, जिसमें अक्षय कुमार, रवीना टंडन, संजय दत्त सहित कई कलाकार होंगे।




## हॉलीवुड मसाला




# अमेरिकन आइडल फेम नहीं रहीं

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन आइडल स्टार और ग्रैमी विजेता स्टार मैंडिसा का 47 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह फ्रैंकलिन, टेनेसी में अपने घर पर संदिग्ध हालात में मृत पाई गईं। मैंडिसा के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके निधन की जानकारी दी गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इस खबर से मैंडिसा के फैंस काफी दुखी हो गए हैं। मैंडिसा ने 'अमेरिकन आइडल 5' में हिस्सा लिया था, इसके साथ ही वह ग्रैमी अवॉर्ड विनर भी थीं।



# एक सीन को फिल्माने में लग गए 78 दिन...

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है यह बात सबको पता है। निर्माण के दौरान एक सीन को फिल्माने के लिए ना जाने कितने ही टेक देने होते हैं। कभी-कभी यह एक टेक में भी पूरा हो जाता है और कभी-कभी यह काफी समय ले लेता है। यह बात हॉलीवुड की फिल्म 'मैड मैक्स' की प्रीक्वल 'फ्यूरियोसा' ने सिद्ध कर दी है। फिल्म के एक 15 मिनट के सीन को फिल्माने के लिए 78 दिन लग गए। एक साक्षात्कार के दौरान फिल्म के निर्देशक जॉर्ज मिलर ने इसका खुलासा किया। फिल्म के निर्देशक ने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि फिल्म के एक 15 मिनट के एक्शन सीन को फिल्माने के लिए सेट पर रोज 200 स्टंटमैन मौजूद रहते थे।



# दोहराया अजय का आइकॉनिक पोज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही फिल्मेकर रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगी। इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इस बीच रोहित शेट्टी ने फिल्म के सेट से दीपिका पादुकोण की एक तस्वीर शेयर की है। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें दीपिका पादुकोण पुलिस यूनिफॉर्म में दिखाई दे रही हैं। रोहित शेट्टी द्वारा शेयर की गई तस्वीर में दीपिका पादुकोण अजय देवगन का आइकॉनिक 'सिंघम स्टेप' करती नजर आ रही हैं। रोहित शेट्टी ने तस्वीर शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा है- 'माई हीरो...रील में भी और रियल में भी, लेडी सिंघम!!!' रोहित शेट्टी के कॉपवर्स में दीपिका पहली फीमेल कॉप होंगी। रोहित ने पिछले साल फिल्म के इस किरदार को लोगों के सामने पेश किया था।



# शाहिद दमदार लुक में आएंगे नजर...

**मुंबई।** 'इश्क विश्क' से बालीवुड में कदम रखने वाले शाहिद कपूर को इंडस्ट्री में 21 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होनें कई बेहतरीन किरदारों को परदे पर जीवंत किया। पिछले कुछ सालों में अपनी फिल्मों के चयन के जरिए उन्होनें एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में वह 'फर्जी' वेब सीरीज में दिखे थे। फिलहाल वह एक्शन थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच शाहिद ने फिल्म के सेट से अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। शुक्रवार को शाहिद ने अपनी आगामी फिल्म 'देवा' के सेट से खुद की एक तस्वीर साझा की। इसमें वह चश्मा लगाए कार में बैठे कैमरे से दूर कहीं देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होनें लिखा, 'आज का मूड'!

## टीवी मसाला

# शहनाज गिल ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें...

**मुंबई।** पंजाब की कैटरीना के नाम से फेमस शहनाज गिल को सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से एक खास पहचान मिली थी। इस शो के बाद शहनाज ने शोहरत हासिल की जिसे पाने के लिए लोग सालों मेहनत करते हैं। आज शहनाज बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। शहनाज ने अब तक के करियर में कई म्यूजिक वीडियोज के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। शहनाज गिल ने हाल ही में अपना लेटेस्ट फोटोशूट कराया है, जो बेहद बोल्ड है। इन तस्वीरों को शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर फैंस की आंखें फटी की फटी रह गईं। तस्वीरों में आप देख सकते है कि शहनाज ने ब्रालेस होकर ब्लैक कलर का लेदर का कोट पहना हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फ्रंट ओपन जालीदार स्कर्ट पहनी है। इस स्कर्ट को उन्होंने आगे से पूरा ओपन कर रहा है, जिसकी वजह से वो हद से ज्यादा ही बोल्ड नजर आ रही हैं। हर तस्वीर में शहनाज ने अलग-अलग अंदाज में पोज दिए।



## फराह के घर सजी सितारों की महफिल

**मुंबई।** फिल्मेकर और कोरियोग्राफर फराह खान इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। वह हर दिन अपने इंस्टाग्राम पर कुछ ना कुछ पोस्ट करती रहती हैं। अब फराह ने अपने घर की एक पार्टी का वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान के घर में बॉलीवुड सितारों की महफिल सजी हुई है। फराह खान ने पार्टी की जो क्लिप शेयर की है उसमें जावेद अख्तर, अनु मलिक, सोनू निगम, राजकुमार राव, पत्रलेखा, साजिद खान, हुमा कुरैशी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ, सलीम मरचेंट जैसे सितारे नजर आए। इन्हीं सितारों के बीच, दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम को भी फराह खान के घर स्पॉट किया गया। फराह खान की हाउस पार्टी में अनु मलिक और सोनू निगम ने मिलकर शाहरुख खान की मूवी 'मैं हू ना' का गाना 'किसका है ये तुमको इंतजार' गाकर लोगों का दिल जीत लिया।




# अच्छे प्रोजेक्ट के इंतजार में हैं परिणीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित ये फिल्म अमर सिंह चमकीला और उनकी पत्नी अमरजोत कौर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में परिणीति ने अमरजोत का किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हाल ही में फ्लॉप फिल्मों की वजह से कम काम मिलने को लेकर खुलकर बात की है। उन्हें उम्मीद है कि इंडस्ट्री में उनकी प्रतिभा को पहचाना जाएगा और उन्हें ऑफर आएंगे।परिणीति चोपड़ा ने एक बातचीत में कहा कि वह समान अवसर चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैं वहां मौजूद सभी निर्माताओं से अवसर चाहती हूं। बड़े निर्माता, बड़े स्टूडियो प्रमुख और बड़े निर्देशक अगर हमारी प्रतिभा को पहचानते हैं। अगर हमारी कड़ी मेहनत दिखती है, तो बस हमें वह अवसर दीजिए।



# एक नहीं दो बार छोड़ी 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में

*__मुंबई।__ करीना कपूर खान अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'क्रू' की सक्सेस का सेलिब्रेट कर रही हैं। इस कॉमेडी ड्रामा को फैंस ने खूब पसंद किया। खैर, एक इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली की 'राम लीला' छोड़ने पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह पहले इस फिल्म का हिस्सा थी। लेकिन उन्होंने छोड़ दिया और इसके बाद ही दीपिका पादुकोण आईं। करीना ने कहा, मैं लक में विश्वास करती हूं, और मेरा मानना है कि आपके जीवन में जो कुछ भी होना है वह किसी भी चीज के जरिए से होगा। करीना कपूर खान ने आगे कहा, सब कुछ सितारों में लिखा है और सब कुछ हर किसी के लिए नहीं लिखा है। यह पहली बार नहीं था कि करीना ने भंसाली के साथ काम करने का मौका छोड़ा हो। करीना ने एक बार संजय लीला भंसाली को 'देवदास' करने से मना कर दिया। करीना को पारो का किरदार निभाना था, जिसे बाद में ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाया। करीना कपूर खान ने खुलासा किया था कि फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट देने के बावजूद संजय लीला भंसाली ने अचानक उन्हें रिप्लेस कर दिया था।*



## अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की फिल्म ने रचा इतिहास

# 500 करोड़ में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही कमा लिए 1200 करोड़

**मुंबई।** एक ओर जहां टीजर रिलीज के बाद से हर कसिी की फिल्म को लेकर बेताबी बढ़ गई है, वहीं एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की इस फिल्म ने प्री-रिलीज कमाई में नया इतिहास रच दिया है। बताया जाता है कि 500 करोड़ के बजट में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही 1200 करोड़ रुपए से अधकि की कमाई कर ली है!

### 570 करोड़ में बिके थएिटर राइट्स

रिपोर्ट में कहा गया है कि 'पुष्पा 2' के हिंदी डब वर्जन के लिए कथित तौर पर 200 करोड़ रुपए डील हुई है। इस बारे में हमने भी पहले खबर दी थी कि रवीना टंडन के पति अनिल थडानी ने उत्तर भारत में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए यह डील की है। जबकि नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षणि भारत में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 270 करोड़ रुपए में थिएटर राइट्स बिके हैं। जबकि विदेशी बाजार में भी 100 करोड़ या उससे अधिक में थएिटर्स राइट्स की डील पक्की हुई है। यानी फिल्म ने थएिटर में रिलीज के लिए हुए डील्स से ही 570 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।

*अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'सिंघम अगेन' के पोस्टपोन होने के बाद अब इसके सामने कोई बड़ी फिल्म भी नहीं है। ऐसे में अनुमान यही है कि यह फिल्म कमाई के नए रिकॉर्ड बनाएगी।*



### ओटीटी और ऑडियो-सैटेलाइट के लिए 750 करोड़ की डील

ओटीटी पर रिलीज के लिए 'नेटफ्लिक्स' ने भी कथित तौर पर 'पुष्पा 2' के स्ट्रीमिंग राइट्स 275 करोड़ रुपए में खरीद लिए हैं। यह किसी भी साउथ इंडियन फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। साथ ही पिछली बार फिल्म के सुपरहिट गानों को देखते हुए इस बार ऑडियो राइट्स भी ऊंचे दाम में बिके हैं। टीवी पर फिल्म की रिलीज के लिए सैटेलाइट राइट्स से करोड़ों की डील हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑडियो और सैटेलाइट्स राइट्स की डील से मेकर्स ने 450 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### 1295 करोड़ रुपए हुई कमाई

इस तरह यदि प्री-रिलीज कमाई के इन सारे आंकड़ों को मिला दें तो यह 1295 करोड़ रुपए है। जाहिर तौर पर यह अब तक रिलीज किसी भी फिल्म के मुकाबले एक नया रिकॉर्ड है। जिस तरह 'पुष्पा 2' को लेकर बाजार का माहौल है, फैंस की जिस तरह की दीवानगी देखी जा रही है, यह कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म 15 अगस्त 2024 को जब बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी तो छप्परफाड़ कमाई करेगी।

## खबर संक्षेप

### आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर की कार्रवाई

**मनेन्द्रगढ़।** जिले के एक आदतन अपराधी गफ्फार अंसारी पिता मीरदीन अंसारी उम्र 45 वर्ष वार्ड नंबर 10 बस स्टैण्ड के पास मनेन्द्रगढ़ को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट ने 1 वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 10/2023 में पारित आदेश के अनुसार आपको यह आदेश दिया जाता है कि 23 अप्रैल को प्रातः 10 से जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही,अनूपपुर ,शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 23 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2025 तक कुल 1 वर्ष की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का पालन किया जाए, पालन न करने पर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### आदतन अपराधी के विरूद्ध जिला बदर आदेश जारी

आदतन अपराधी मनोज खटिक आत्मज छेदीलाल खटिक उम्र 31 वर्ष वार्ड नंबर 05 मौहारपारा मनेन्द्रगढ़ को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डी.राहुल वेंकट ने 1 माह 23 दिन की अवधि के लिए जिला बदर आदेश जारी किया है। छग राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा (क) (ख) के तहत इस न्यायालय के दाण्डिक प्रकरण क्रमांक 10/2023 में पारित आदेश के अनुसार आपको यह आदेश दिया जाता है कि 23 अप्रैल को प्रातः 10 से जिला मनेन्द्रगढ़चिरमिरी-भरतपुर एवं इसके सीमावर्ती राजस्व जिला कोरिया, कोरबा, पेण्ड्रा-गौरेला-मरवाही, अनूपपुर, शहडोल, सीधी जिले के क्षेत्र में 23 अप्रैल 2024 से 15 जून 2024 तक कुल 1 माह 23 दिन की अवधि के लिए बाहर चले जाए और जब तक यह आदेश लागू रहेगा। बिना वैधानिक पूर्व अनुमति लिए आपको इस जिले एवं उल्लेखित जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का पालन किया जाए, पालन न करने पर आपके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीजीएमएस ने लू व बढ़ते तापमान से कोल कर्मियों के बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**बिश्रामपुर।** वर्तमान में जारी लू व उच्च तापमान के सम्पर्क में आने से होने वाली घटनाओं से खदानों में काम करने वाले कामगारों को बचाव के लिए खान सुरक्षा महानिदेशक धनबाद ने खदानों के मालिक,एजेंट व प्रबंधकों को एडवाइजरी जारी कर कामगारों के स्वास्थ्य के जोखिम को कम करने के लिए आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने और खदानों में गर्मी की स्थिति का प्रभावी ढंग से प्रबंधन के लिए बारह बिंदुओं में सावधानियां बरतने को कहा है।इसमें कर्मचारी को कार्य के दौरान कोई असुविधा महसूस हो तो कार्य की गति धीमी किए जाने की सुविधा देने व रेस्ट शेल्टर कार्य स्थल के निकट स्थित होने,कामगारों को हर पंद्रह बीस मिनट में पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करने,ब्लॉकर्स,उचित सुरक्षात्मक कपड़े व छाया का उपयोग करने,कामगारों को हार्ड जॉब प्रशासनिक नियंत्रण लागू करने व दिन के कम गर्मी वाले समय में भारी कार्यों का काम शेड्यूल करने,भूमिगत खदान में बिना वेंटिलेशन अथवा अपर्याप्त वेंटिलेशन में कामगार को काम न करने,कर्मचारियों के बीच गर्मी के तनाव के लक्षणों के बारे में जागरूकता फैलाने,सभी कर्मचारियों को गर्मी तनाव की पहचान और रोकथाम पर आवश्यक प्रशिक्षण देने सहित पर्यावरणीय स्थितियों के नियमित निगरानी की बात कही गई है।डीजीएमएस ने जारी निर्देश परिपत्र में उल्लेख किया है कि खनिकों का स्वास्थ्य और उनका कल्याण सर्वोपरि है, सतर्क और सक्रिय रहकर हम सभी के लिए सुरक्षित और उत्पादक कार्य का वातावरण सुनिश्चित कर सकते हैं।

### बीईओ ने पुत्री के जन्मदिन पर स्कूल में कराया न्योता भोज



**बतौली/सेदम।** माध्यमिक शाला टेडगा में आज विकास खंड शिक्षा अधिकारी शरद चंद्र मेष पाल द्वारा न्योता भोजन दिया गया। शिक्षकों के माध्यम से एक दिन पूर्व सभी छात्र-छात्राओं को न्योता दिया गया था।आज का न्योता भोजन बीईओ श्री मेष पाल की पुत्री अदिति मेष पाल के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री मेष पाल ने कहा मेरी बेटी आज यहां नहीं है लेकिन उसके अनुपस्थिति में पूरे 60 बेटे बेटियों के साथ जन्मदिन मनाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जो सुखद संयोग है। उन्होंने कहा कि आज के बाद मेरे परिवार के सभी सदस्यों का जन्म दिन किसी न किसी विद्यालय में ही मनाया जाएगा। जन्मदिन समारोह या वैवाहिक वर्षगांठ मनाने का सबसे अच्छा स्थान विद्या का मंदिर है। बच्चों के साथ खुशिया मनाना परम सौभाग्य का विषय है। उन्होंने कहा कि बच्चों को ज्ञानवान,चरित्रं वान, और एक अच्छा इंसान बनाना हम सबका नैतिक दायित्व है। इसके लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा। शिक्षक तय कर लें कि बच्चों को शारीरिक रूप से सक्षम बनाने के लिए स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन तथा मानसिक रूप से सक्षम बनाने के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा जरूरी हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं को मीठा खिलाकर विदा किया गया।

### हनुमान मंदिर स्थापना दिवस पर निकाली प्रभात फेरी

**अम्बिकापुर।** हनुमान मंदिर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आज सुबह 7 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। उसके पश्चात 10 बजे से मंदिर में पूजा अर्चना किया गया। पूजा व आरती पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया है।

## छह नए तकनीकी पाठ्यक्रम किए गए शामिल

# एसजीजीयू ने शिक्षण विभाग के लिए तैयार किए नए 24 विषयों के पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय द्वारा आगामी सत्र से शिक्षण विभाग में विभिन्न 24 पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने की राह आसान हो गई। विश्वविद्यालय के विद्या परिषद् एवं कार्यसमिति ने सभी नए विषयों की स्वीकृति प्रदान कर दी है। संत गहिरा गुरू विवि ने नए सत्र से 20 नए पाठ्यक्रम प्रारम्भ करने का प्रस्ताव भेजा था लेकिन प्रस्ताव में निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया था। विवि के अधिकारियों ने शासन को सीधे प्रस्तावित विषयों का नाम लिखकर भेज दिया था। छानबीन करने पर इस बड़ी लापरवाही की जानकारी मिली तो विवि द्वारा अब सारे नए विषयों का पाठ्यक्रम तैयार कराने के साथ ही विद्या परिषद् एवं कार्यसमिति की बैठक में अनुमति लेने के बाद पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव शासन को भेजने की तैयारी की जा रही है। नए प्रस्ताव में 4 तकनीकी रोजगार परक पाठ्यक्रमों को भी शामिल किया है। प्रस्तावित नए पाठ्यक्रमों में कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के विभिन्न 18 विषयों को शामिल किया गया है। इन सभी विषयों का पाठयक्रम भी निर्धारित किया गया है। नए प्रस्ताव में स्नातकोत्तर हिन्दू स्टडीज, भू-गर्भ शास्त्र, मानव विज्ञान, छत्तीसगढ़ी, एनसीटीई द्वारा अनुशंसित इंटीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम आईटीईपी, एमएड, बी.लिब, एम लिब एवं बीपीएड को जोड़ा गया है। इनमें से कुछ पाठ्यक्रम पूर्व के प्रस्ताव में भी शामिल थे लेकिन पाठ्यक्रम निर्धारित करने के साथ ही अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं का पालन नहीं करने के कारण प्रस्ताव खानापूर्ति साबित हो रहा था। अब सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए विवि ने प्रस्ताव बनाया है इसलिए नए विषयों की स्वीकृति की राह आसान मानी जा रही है।

**खास बात**

- विद्या परिषद एवं कार्य परिषद ने प्रदान की स्वीकृति




### राह में कई चुनौतियां

एसजीजीयू द्वारा शैक्षणिक विभाग में आगामी सत्र से एक साथ 24 विषयों को प्रारम्भ करने की राह में कई बड़ी चुनौतियां हैं। विवि के शिक्षण विभाग में वर्तमान में विभिन्न 7 पाठ्यक्रम संचालित है। शिक्षण विभाग प्रारम्भ से ही उधार के दो भवनों में संचालित हो रहा है। शिक्षण विभाग में प्राध्यापक का पद वर्षों से रिक्त हैं। सहायक प्राध्यापकों के रिक्त पद पर अब तक नियुक्ति नहीं हुई है। 24 नए विषयों को प्रारम्भ करने के लिए भी सौ से अधिक सहायक प्राध्यापकों की जरूरत पड़ेगी। विवि द्वारा रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए अब तक कोई पहल नहीं की गई है। उल्टा विवि ने शिक्षण विभाग के सहायक प्राध्यापकों को प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी है। इधर पढ़ाई प्रभावित होने के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार घट रही है तथा नए-नए विवाद सामने आ रहे हैं। शिक्षण विभाग का प्रयोजन मूलक हिन्दी विभाग लम्बे समय से अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है।

#### जगह की कमी सबसे बड़ी समस्या

एसजीजीयू के पास सबसे बड़ी समस्या भवन की है। भकुरा परिसर में वर्षों से चल रहा भवन निर्माण अभी पूरा नहीं हुआ है। विवि प्रशासन ने समस्याओं को देखते हुए नए सत्र के पूर्व ही प्रशासनिक भवन एवं शिक्षण विभाग को भकुरा परिसर में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है। आडिटोरियम भवन में प्रशासनिक भवन एवं यूटिलिटी बिल्डिंग एवं निर्माणाधीन प्रशासनिक भवन के भूतल में शिक्षण विभाग को स्थानांतरित करने की तैयारी है। भकुरा परिसर में उपलब्ध भवनों से वर्तमान जरूरतें तो पूरी हो जाएंगी लेकिन नए पाठ्यक्रमों की स्वीकृति मिली तो भवन की समस्या होगी। एक विभाग को संचालित करने एक कमरा भी आवंटित किया जाए तो सभी विषयों के लिए न्यूनतम 24 कमरों की जरूरत पड़ेगी।

#### पाठ्यक्रम के लिए बीएचयू से मदद

वर्तमान में हिन्दू स्टडीज का पाठ्यक्रम बनारस हिन्दू विवि में संचालित है। हिन्दू धर्म की वैज्ञानिक परम्पराओं एवं विशाल प्राचीन विरासत पर आधारित इस विषय का पाठ्यक्रम अभी उपलब्ध नहीं हो सका है। पाठ्यक्रम तैयार करने विवि प्रशासन बीएचयू के प्राध्यापकों की मदद ले रहा है। पं.रविशंकर शुल्क विवि द्वारा संचालित विवि ने एमएड, बी.लिब, एम.लिब, बीपीएड, भूगर्भ शास्त्र एवं मानव विज्ञान का पाठ्यक्रम अंगीकार किया है जबकि एनसीटीआई द्वारा अनुशंसित इंट्रीग्रेटेड टीचर्स एजुकेशन प्रोग्राम का पाठयक्रम निधारित किया गया है।

#### पूरी कर ली गई है प्रक्रिया

नए पाठ्यक्रमों का प्रस्ताव लेकर मैं स्वयं रायपुर जा रहा हूं। नए पाठ्यक्रमों की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। शासन से संबन्धित विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति की स्वीकृति प्रदान करने का भी अनुरोध किया जाएगा।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुल सचिव, एसजीजीयू



बैठक लेते कलेक्टर।

# मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**मनेन्द्रगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे की उपस्थिति में रविवार को दोनों जिलों के लिए नियुक्त मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया।

कलेक्टर डी.राहुल वेंकट ने सामान्य प्रेक्षक को जिले में निर्वाचन के लिए किए गए समस्त तैयारियों की आधारभूत जानकारी प्रदान की। मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाईजेशन के दौरान मनेन्द्रगढ़ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी.राहुल वेंकट, कोरिया कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायता सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार सिदार, सहायक रिटर्निंग अधिकारी मूलचंद चोपड़ा, लिंगराज सिदार, कोरिया जिले सहायक रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती अंकिता सोम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दीपिका नेताम, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, विजेयन्द्र सारथी सहित निर्वाचन कार्य में नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। रेंडमाइजेशन की समस्त कार्रवाई डीआईओ अभिजीत कौशिक एवं सुखदेव पटेल के द्वारा अधिकारियों को अवगत कराया गया।

# कोयला लोड ट्रक खाई में गिरा, दो लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

कुसमुण्डा से कोयला लोड कर बनारस जा रहे ट्रक के अनियंत्रित होकर खाई में गिरने से केबिन में बैठे एक चालक व खलासी की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। जबकि चालक के वाहन से बाहर छलांग लगा देने से घायल हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार चंदौली के अलीनगर निवासी राजेश कुमार यादव आ. सदलू यादव गत दिन ट्रक क्रमांक यूपी 65 एफटी 0036 से कुसमुंडा से कोयला लोड कर वापस बनारस जाने के लिए चालक राकेश कुमार मोर्या के साथ निकले। वाहन को राकेश कुमार मोर्या चला रहा था जबकि केबिन में चालक राजेश कुमार यादव व खलासी रामबाबू सोनकर बैठे थे। चालक राकेश कुमार मार्चा जैसे ही वाहन लेकर घाट पेंडारी के समीप पहुंचा तभी वाहन से नियंत्रण खो बैठा जिससे वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। खाई में वाहन के गिरने के दौरान चालक वाहन से बाहर निकल गया जबकि केबिन में बैठे राजेश व राम बाबू वाहन में दब गए जिससे दोनो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की रिपोर्ट सदलू यादव ने चंदौरा थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने चालक के विरूद्ध धारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज किया है।

# कोल वर्करों को भी अब देना होगा ऑनलाइन एसीआर

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया व उसके सहयोगी कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को भी अब अधिकारियों की तरह अब ऑनलाइन एसीआर एनुअल कॉन्फिडेंशियल रिपोर्ट भर कर जमा करना होगा।बताया जाता है कि पहले एसीआर ऑफलाइन दी जाती थी।ऑफलाइन व्यवस्था होने की वजह से कोल कर्मी दो वर्ष का एसीआर एक साथ भरते थे।जबकि अब नई व्यवस्था में सैप के जरिए एसीआर ऑनलाइन भरना होगा।इसको लेकर कोल इंडिया ने अपने सभी सहयोगी कंपनियों को दिशा निर्देश गत दिनों जारी कर दिया है।इसमें ऑनलाइन सालाना गोपनीय प्रतिवेदन के माध्यम से कोयला कर्मियों के प्रदर्शन की समीक्षा होगी जो कामगार को मिलने वाले पदोन्नति सहित अन्य महत्वपूर्ण मामलों में उक्त गोपनीय प्रतिवेदन की महत्वपूर्ण भूमिका होगी।गौरतलब है कि इसके पहले केवल कोयला कम्पनी के अधिकारी ही ऑनलाइन एसीआर फाईल जमा करते रहे जबकि कंपनी के नए आदेश में अब कर्मचारियों के लिए भी एसीआर फ़ाइल करना अनिवार्य कर दिया गया है।

## पत्नी ने खाते से नहीं निकाली राशि तो पति ने उतार मौत के घाट

**अम्बिकापुर।** पत्नी बैंक खाते से पैसा नहीं निकाली तो पति ने न सिर्फ विवाद किया बल्कि पत्नी पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुई महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार गांधी नगर निवासी सफिरा तिग्गा पति सोनू तिग्गा (42 वर्ष) एक स्कूल में रसोइया का काम करती थी जबकि पति कुछ काम नहीं करता और शराब पीने का आदि था। महिला को वेतन उसके खाते में ही आता था। इधर शराब पीने का आदि पति 11 अप्रैल को पति ने शराब पीने के लिए पत्नी को खाते से रुपए निकालने को कहा तो पत्नी ने अपने बैंक खाते से रुपए निकालने से मना कर दी। बैंक से पैसा नहीं निकालने से पति नाराज हो गया और उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। हर रोज पति बैंक खाते से पत्नी को पैसा निकालने के लिए दबाव बनाने लगा और नहीं निकालने पर उसके साथ मारपीट करता। 13 अप्रैल को पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ तो पति ने पत्नी की बेदम पिटाई कर दी जिससे पत्नी पड़ोसी के यहां भागकर अपनी जान बचाई। दूसरे दिन पुनः पति शराब के नशे में पत्नी को पड़ोसी के घर से लेकर आया और मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे महिला बेहोश हो गई। पत्नी को अचेत देख पति ने उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने के पश्चात फरार हो गया। इधर महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेज दी है।

# नो पार्किंग में वाहन खड़े करने पर 7 हजार का वसूला गया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



शहर में अवैध पार्किंग सहित यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई का सिलसिला जारी है। जिले में कुल 25 प्रकरणों में कार्रवाई कर 17 हजार रुपए से अधिक का चालान वसूला गया है। बता दें कि एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर सरगुजा पुलिस द्वारा जिले में यातायात नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस द्वारा सड़क पर नो पार्किंग में वाहन खड़े करने वालों, ब्लैक फिल्म लगाकर चलने वालों, तीन सवार, मोबाइल फोन पर बात करते हुए वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। लगातार चल रही कार्रवाई के बाद भी लोगों की आदतों में सुधार होता नजर नहीं आ रहा है यही वजह है कि अभी भी बड़ी संख्या में लोग यातायात नियमों को तोड़ते हुए पकड़े जा रहे है। इसी क्रम में पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाकर असवैधानिक पार्किंग, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामलो मे सख़्ती से कार्रवाई की गई व 25 प्रकरण दर्ज कर 17 हजार 300 रुपए समन शुल्क वसूल किया गया हैं। नियमविरुद्ध तरीके से शहर में नो पार्किंग में वाहन खड़ी करने के कुल 16 मामलों में 7 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है। वहीं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो प्रकरण दर्ज कर 4 हजार रुपए व अन्य यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों से कुल 5 प्रकरण में 5500 रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया है।

- कुल 25 मामलों में 17 हजार रुपए से अधिक का वसूला गया चालान

# अनाचार का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



नाबालिग किशोरी से प्रेम प्रसंग के दौरान नाबालिग के गर्भवती होने तथा बाद में पेट में गर्भ के मिस्कैरेज होने का मामला सामने आने पर चिकित्सक द्वारा मामले की लिखित शिकायत कोतवाली पुलिस को भेजने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर दिया है। जयनगर पुलिस ने बताया कि 17 वर्षीय नाबालिग किशोरी का थाना क्षेत्र के निवासी आरोपी ग्राम पंचायत कसकेला निवासी 24 वर्षीय सुनील पैकरा पिता धीरन पैकरा से प्रेम संबंध चल रहा था। गत दिनों 27 फरवरी को आरोपी ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसला कर उसके साथ शारीरिक संबंध स्थापित कर लिया था। घटना के करीब डेढ़ माह बाद नाबालिग को पेट दर्द की शिकायत होने के बाद जब वह अपने बहन के साथ जिला अस्पताल सूरजपुर उपचार के लिए पहुंची तब महिला चिकित्सक ने जांच में उसके गर्भवती होने और गर्भ के मिस्कैरेज होने की बात बताई। महिला चिकित्सक ने जब नाबालिग और उसके बहन से घटना की जानकारी ली तो उसके नाबालिग होने की पुष्टि हुई। चिकित्सक से पीड़िता द्वारा जब गर्भपात की आवश्यकता बताई गई तो नाबालिग का मामला होने से महिला चिकित्सक ने घटना की लिखित सूचना कोतवाली भेज दी। कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म पीड़िता की रिपोर्ट को दर्ज करके केस डायरी जयनगर पुलिस को भेज दिया था।

- मामला संज्ञान में आने पर चिकित्सक ने दी थी पुलिस को लिखित सूचना

# भीषण गर्मी व लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर



मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के तहत छत्तीसगढ़ सहित समस्त मध्य भारत में मार्च से मई तक सामान्य से अधिक तापमान होने की संभावना है। जिसके कारण प्रदेश के अधिकांश भाग भीषण गर्मी व लू से प्रभावित रहेंगे। ऐसे में हीट वेव लू तापघात से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा योजनाबद्ध तरीके से आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा भीषण गर्मी से तैयारी एवं बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित विभाग एवं अधिकारियों को दिए गए हैं। बढ़ते हुए तापमान को देखते हुए कलेक्टर द्वारा नगरीय निकाय एवं ग्रामीण क्षेत्र के संबंधित अधिकारियों को पेयजल प्रबंधन पर विशेष फोकस करने के लिए निर्देशित किया गया है। जिले के समस्त स्वास्थ्य केंद्र में लू से प्रभावित मरीजों के परीक्षण एवं इलाज हेतु उचित प्रबंधन तथा लू या हीट वेव से बचने के उपाय का प्रचार प्रसार करने हेतु सीएमएचओ को निर्देशित किया गया है।कलेक्टर द्वारा विद्युत वितरण कंपनी को प्राथमिकता वाले स्थान अस्पताल व अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल शामिल हैं वहां निर्बाध बिजली व्यवस्था हेतु आवश्यक प्रबंध करने के निर्देश दिए गए हैं। ग्रीष्म ऋतु की इस अवधि में अग्निशमन विभाग को भी पर्याप्त संसाधन व कर्मचारी की उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी संचार उपकरण,आगजनी से जुड़ी कोई भी घटना, संदेश या चेतावनी प्राप्त होनी है कि उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही श्रम, शिक्षा, पशु चिकित्सा, परिवहन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन, जल संसाधन सहित अन्य विभागों को विभागवार उनकी संरचना एवं कार्य प्रणाली के अनुरूप आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने जिले के लोगों को भीषण गर्मी के दुष्प्रभाव से बचने के लिए दोपहर 12 से 3 बजे के समय सावधानी रखें, शरीर को डिहाइड्रेशन से बचायें और अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात कही।

## पेज 1 का शेष

### कलश यात्रा के...

ग्रामवासी एवं एसईसीएल परिवार के द्वारा आयोजित किया गया है। इसमें कथावाचक दीपू भाई होंगे। कार्यक्रम के पहले दिन 21 अप्रैल को कलश यात्रा निकाली गई और सायं 5 बजे कथा वाचक द्वारा श्रीराम महिमा का वर्णन किया गया। दूसरे दिन 22 अप्रैल को शिव-पार्वती विवाह, 23 अप्रैल को श्रीराम जन्म, 24 अप्रैल को बाल लीला, 25 अप्रैल को श्री सीताराम विवाह महोत्सव, 26 अप्रैल को केंवट प्रेम, 27 अप्रैल को श्रीराम मंगल यात्रा, 28 अप्रैल को भरत चरित्र एवं सबरी प्रेम तथा 29 अप्रैल को सुंदरकांड एवं राम राज्याभिषेक का वर्णन किया जाएगा, इसके बाद 30 अप्रैल को हवन-पूजन का होगा, साथ ही विशाल भंडारा कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। आयोजन समिति ने इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में श्रद्धालुओं को शामिल होने की अपील की है।

### सोनहत के जंगल ...

का विशाल टीला देखा गया, जो लगभग 7-8 फुट के करीब बना हुआ। बताया जाता है कि उक्त स्थान पर कई वर्ष से टीमा ऐसे ही कायम है, जिसके भीतर हजारों की संख्या में दीमक निवास करते हैं। कोई भी मौसम में उन्हें किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होती, टीले के भीतर ही उन्हें भोजन मिल जाता है और टीले के भीतर सुरक्षित रहते हैं।

### अत्यधिक शराब ने से गंभीर व्यक्ति की गई जान

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बौरीपारा रिंग रोड निवासी बबलू चेरवा आ. जगदीश (60 वर्ष) शराब पीने का आदि था। शुक्रवार को अत्यधिक शराब पीकर घर आया और बिस्तर में सो गया। काफी देर तक नहीं जगा तो परिजन नशे में होने पर ध्यान नहीं दिया और शाम को उठा। दूसरे दिन सुबह भोजन करने के दौरान की बेहोश हो गया। वृद्ध की हालत गंभीर होने पर परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां सर्जिकल वार्ड में ले जाते समय उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### जंगल में जुआ खेलते तीन गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** जंगल में जुआ खेल रहे आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से नगदी रकम भी बरामद किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहवार के द्वारा जिले में संचालित अवैध कारोबार पर अंकुश लगाकर लगातार कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है। मुखबीर की सूचना पर साइबर सेल बैकुंठपुर की टीम थाना सोनहत क्षेत्र अंतर्गत जंगल में छुपकर अवैध रूप से जुआरियों को जुआ खेलते हुए पकड़ा गया। 19 अप्रैल को साइबर सेल बैकुंठपुर में मुखबीर से सूचना मिली कि सोनहत के बसवाही जंगल में कुछ लोग जुआ खेल रहें। सूचना पर पुलिस तत्काल मुखबीर के बताए स्थान पर रेड कार्रवाई की। जहां मौके पर 3 जुआरी अमरनाथ उर्फ रिंकु पिता शिवकुमार चेरवा उम्र 24 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा, संतोष कुमार पिता राजकुमार चेरवा उम्र 19 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा एवं सोनालाल पिता शिवालाल उम्र 32 वर्ष निवासी बसवाही स्कूलपारा के द्वारा जुआ खेल रहे थे। आरोपियों को मुखबीर की सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। जुआरियों के पास से 3 नग मोबाइल कीमत 9500 रूपए, 3 नग मोबाइल कीमत 37000 रूपए एवं 2500 रुपए नगद रकम कुल 49000 रूपए जब्त किया गया है। सभी आरोपियों के विरुद्ध अपराध क्रमांक 75/2024 धारा 03 (1) जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत थाना सोनहत में अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है।

